Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 18-08-2006

Participants : Verma Shri Bhanu Pratap Singh

an>

Title : Need to repair the National Highway from Jhansi to Kalpi under Jalaun Parliamentary Constituency, U.P.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश में कानपुर से मुम्बई के लिये हाईवे-25 पर स्थित बारा से झांसी के बीच में घंटों जाम लगा रहता है क्योंकि बीच में गड्ढे हो गये हैं। जब भी वाहन निकलते हैं तो 8-10 घंटे तक जाम लगा रहता है। जब उत्तर प्रदेश सरकार से बात की गई तो उनका कहना है कि क्वाडिलेटरल स्कीम के अंतर्गत भारत सरकार ने अपने अंडर कार्य ले लिया है, इसलिये उसका रख-रखाव केन्द्र सरकार करेगी। एक उदाहरण और देना चाहूंगा कि जोलूपुर से भोगनीपुर के बीच का मार्ग 20 किलोमीटर है जिसे पार करने में लोगों को ढाई से तीन घंटे लग जाते हैं क्योंकि बेतवा नदी का पथरीला इलाका है जहां से बालू की ढुलाई होती है। दिन में कम से कम 500-700 ट्रक निकलते हैं जिससे रोड जाम हो जाता है...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आपकी डिमांड क्या है?

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा : सभापति जी, मेरी मांग है कि जो रोड बुरी तरह से खराब हो गई है और जो केन्द्र सरकार के अधीन है उसे जल्दी ठीक कराया जाये जालौन और कालपी में ट्रांसपोर्टर्स, व्यापारी, जन-प्रतिनिधि आक्रमक आन्दोलन करने के लिये तैयार हैं। इसके पूर्व कि यह घटना घटे, मैं केन्द्र सरकार से मांग करना चाहता हूं कि शीघ्र ही इस रोड को बनाया जाये ताकि जो वाहन मुम्बई के लिये निकलते हैं, वे सही समय पर निकल सकें।